जन आधार

जन आधार

सत्यमेव जयते

राजस्थान सरकार
आयोजना विभाग
राजस्थान जन आधार प्राधिकरण

क्रमांकः–एफ17(8)12 / डीईएस / रा.ज.आ.यो. / सामान्य / 2022 / 1712 दिनांकः 22/07/2024

संयुक्त / उप निदेशक,
आर्थिक एवं सांख्यिकी कार्यालय
समस्त जिलें, राजस्थान।

विषयः– जन आधार से संबंधित समस्याओं एवं आपत्तियों को राज्य स्तर पर समाधान हेतु जिला एवं ब्लॉक स्तरीय हेल्पडेस्क द्वारा "रिक्वेस्ट लॉगर" के माध्यम से भिजवाने बाबत।

महोदय / महोदया,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि जन आधार से संबंधित समस्याओं एवं आपत्तियों के समाधान हेतु **"रिक्वेस्ट लॉगर"** की सुविधा जिला एवं ब्लॉक स्तरीय सूचना प्रौधोगिकी और संचार विभाग तथा आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के अधिकारियों / कर्मचारियों की एसएसओ आई.डी. पर उपलब्ध करायी गयी है, जिसके माध्यम से आमजन की समस्याओं का इन्द्राज कर प्रभावी ढंग से त्वरित समाधान किया जा रहा हैं।

परन्तु यह देखा गया है कि जिला एवं ब्लॉक स्तरीय कार्यालयों द्वारा निवासियों से प्राप्त होने वाली समस्याओं को "रिक्वेस्ट लॉगर" के साथ–साथ अन्य माध्यमों जैसे ई–मेल, पत्र, दूरभाष, व्हाट्सऐप इत्यादि से भी राज्य स्तर पर साझा की जा रही हैं। इस कारण से एक ही समस्या राज्य स्तर पर कई प्रकार से पहुँचने के कारण व्यर्थ ही ना केवल कार्य का दोहराव बढ़ाता है बल्कि अकारण ही भ्रम की स्थिति पैदा करता है। अतः इस क्रम में उल्लेख है कि जन आधार से संबंधित समस्याओं को केवल "रिक्वेस्ट लॉगर" एप्लीकेशन के माध्यम से ही राज्य स्तर पर अंकित करवाना सुनिश्चित करें। केवल विशेष परिस्थितियों में ही प्रभारी अधिकारियों से दूरभाष अथवा व्हाट्सऐप ग्रुप के माध्यम से रिक्वेस्ट नंबर बताकर संबंधित समस्या के समाधान हेतु अवगत कराया जा सकेगा।

भवदीय,

(सीताराम स्वरूप)
संयुक्त निदेशक

क्रमांकः–एफ17(8)12 / डीईएस / रा.ज.आ.यो. / सामान्य / 2022 / 1713-1718 दिनांकः 22/07/2024

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है –

1. निजी सचिव, शासन सचिव, आयोजना विभाग एवं पदेन महानिदेशक, राजस्थान जन आधार प्राधिकरण, शासन सचिवालय, जयपुर।
2. निजी सचिव, आयुक्त एवं विशिष्ट शासन सचिव, सू.प्रौ. और संचार विभाग एवं पदेन अति. महानिदेशक, राजस्थान जन आधार प्राधिकरण, जयपुर।
3. निजी सचिव, निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग एवं पदेन अति. महानिदेशक, राजस्थान जन आधार प्राधिकरण, जयपुर।
4. एसए / एसीपी, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग एवं अतिरिक्त जिला जन आधार योजना अधिकारी (तकनीकी), समस्त जिलें, राजस्थान।
5. ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी / प्रोग्रामर, समस्त, पंचायत समिति, राजस्थान।
6. वेबसाईट शाखा, मुख्यालय।

RajKaj Ref
9136413

Signature valid
Digitally signed by Sitaram Swaroop
Designation: Joint Director
Date: 2024.07.22 17:21:56 IST
Reason: Approved